# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# तेरह डिग्री तापमान में बच्चों व मवेशियों के साथ टेंट में रात बिताने को हुए मजबूर

**आफत**

## बीते जुलाई माह की आपदा में जोशा गांव में खासी आफत मची थी



**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। बीते माह जुलाई में जोशा गांव में अठारह जुलाई को हुई भीषण आसमानी तबाह में अपना मकान गवां चुके गांव के पांच आपदा पीड़ित आज भी टेट में रहने को मजबूर है। बता दें कि तेरह डिग्री तापमान में अपने बच्चों व मवेशियों के साथ इन्हें टेंट में रहते हुए देखा जा सकता है। सीमांत के गांव में बीते अठारह जुलाई व उनीस जुलाई को आई आसमानी आफत ने यहां पर रास्तों से इनकी खेती बाड़ी व मकान को चपेट में ले लिया था। आपदा में अपना सब कुछ गंवा चुकने के बाद भी आज तक इनको आवास तक नही मिल पाया है। वही शासन प्रशासन से कोई ठोस मदद न मिल पाने के कारण आज भी जोशा गांव के पांच परिवार ठंडे में टेट में रात बिताने को मजबूर हो रहे है।

क्षेत्र में आई भीषण आपदा के चलते गांव में कई जगह जमीनें दरकनें से उनका सब कुछ तबाह हो गया। दूसरी ओर कई परिवार बेघर हो गये। बता दें कि शीतकाल का दौर शुरू हो चुका है। वही कड़कती ठंड में ऐसे हालातों में टेट में रहकर रात बिताना इनकी मजबूरी बन गयी है। कपकपाती ठंड में शीतकाल मे रात बिताने को मजबूर हो रहे इन लोगों के नाम है जौहार सिह , हर्ष सिह, मंगल सिह, हयात सिंह,खगेन्द्र सिह, जोहार सिह शामिल है।

वही इन लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा जो उन्हें मदद दी गई है उससे उनका भरण पोषण तक करना मुमकिन नही है।

वर्तमान में सीमांत में शीतकाल का शुरूआती दौर चलने की वजह से बर्फबारी के आसार ज्यादा बढ़ गये है। ऐसे हालातों में बढ़ती कड़क ठंड में जोशा गांव के इन पांचों परिवार के ग्रमीणों की मजबूरी है कि उन्हें उपेक्षा का शिकार होना पड़ रहा है।

## न्यूज डायरी

### अधूरे पड़े हैं घाटों के काम

**संवाददाता** हरिद्वार। गंगा में जल छोड़े जाने में अब केवल तीन दिन शेष हैं। लेकिन इसके बावजूद मेला प्रशासन गंगा घाटों पर रैलिंग व मरम्मत के सभी कार्य पूरे नहीं करा पाया है। शहर की ओर अनेक घाटों पर सीढ़ियां, घाट व रैलिंग टूटी पड़ी हैं। गंगा में प्रवाह छोड़े जाने के बाद इनकी मरम्मत नहीं हो सकेगी और स्नानार्थी इन टूटे और खतरनाक घाटों पर ही स्नान करेंगे, जो दुर्घटना का कारण बनेंगे। पं. ब्रजभूषण डंडरियाल, कुलदीप सिंह, विष्णु पालीवाल, प्रशांत शर्मा, राजेश धमेजा आदि ने मेलाधिकारी से अविलंब विष्णुघाट के आसपास के घाटों की मरम्मत व रैलिंग लगाए जाने की मांग की है।

### तीन माह से नहीं मिला वेतन, कैसे मनेगी दीपावली

**संवाददाता** पिथौरागढ़। अशासकीय विद्यालयों के शिक्षक व कर्मचारी विगत तीन माह से वेतन के लिए तरस गए हैं। वेतन नहीं मिलने से शिक्षकों–कर्मचारियों के सामने दीप पर्व पर आर्थिक संकट पैदा हो गया है। शिक्षकों–कर्मचारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से अविलंब वेतन का भुगतान करने की मांग की है। बुधवार को उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले संघ के जिला मंत्री मनीष चंद्र सिंह के नेतृत्व में अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों–कर्मचारियों ने मुख्य शिक्षाधिकारी अशोक कुमार जुकरिया को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम का एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने कहा कि सरकार लगातार अशासकीय विद्यालयों की उपेक्षा कर रही है। वेतन व अन्य सुविधाओं के मामले में अशासकीय विद्यालयों के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया जाता है। एक ओर जहां दीप पर्व पर कर्मचारियों को बोनस दिया जाता है, वहीं अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों का तीन माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है।

### प्रकाश पंत के जन्म दिवस पर टीम संकल्प प्रकाश कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**संवाददाता** पिथौरागढ़। प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री स्व. प्रकाश पंत के जन्म दिवस पर जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। जिले के लोगों ने उनको नमन किया। संकल्प प्रकाश टीम, मातृशक्ति और समाजसेवियों ने जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान किया। इस अवसर 30 लोगों ने रक्तदान किया। युवाओं ने रक्तदान के लिए हर वक्त तैयार रहने का संकल्प व्यक्त किया। पर्यावरणप्रेमियों ने टीम संकल्प प्रकाश कार्यकर्ताओं के साथ चंडाक रोड पर सफाई अभियान चलाया। क्षेत्र में जमा कूड़ा एकत्र कर निस्तारित किया गया। स्व.पंत के आवास पर पहुंची टीम ने संकल्प प्रकाश नाम से वेबसाइट लांच की।

## नगर निगम से नाले के ढक्कन ठीक कराने की मांग



**संवाददाता** हरिद्वार। भीमगोड़ा वासियों ने प्राचीन तीर्थ स्थल भीमगोड़ा कुंड के निकट श्री गंगाधर महादेव नगर, नई बस्ती वाले जाने वाले मुख्य मार्ग पर कई माह से खुले नाले पर ढक्कन लगाने की मांग की है। नाले के ऊपर लगा ढक्कन जोकि मार्ग के क्षतिग्रस्त होने के कारण अपने स्थान से उखड़ गया है और आते जाते राहगीर व पशु इसमें गिरकर निरंतर चोटिल हो रहे हैं। इसके कारण कई दुपहिया और चौपहिया वाहन भी इसके निकट से गुजरते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। लेकिन पूर्व पार्षद लखनलाल चौहान द्वारा इसकी शिकायत नगर निगम हरिद्वार से किये जाने के पश्चात भी अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।



## स्व. प्रकाश पंत की जयंती पर हवन एवं यज्ञ कार्यक्रम आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बुधवार को स्वर्गीय प्रकाश पंत की जयंती के अवसर पर उनकी स्मृति में दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित हवन एवं यज्ञ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

# दीपावली पर्व को लेकर बाजारों में जमकर हो रही खरीददारी

**संवाददाता**

देहरादून। दीपावली त्यौहार के उपलक्ष में राजधानी के बाजारों में काफी रोनक देखने को मिली। जहां दीयों से लेकर घर की सजावटी चीजों को खरीदने में लोगो का क्रेज महंगाई के दौर में भी कम होता नहीं दिख रहा हैं। बाजारों में जमकर हो रही खरीददारी के चलते हुए व्यापारियों के चेहरे भी खिले हुए है।

पल्टन बाजार से लेकर धमावाला बाजार,मच्छी बाजार, राजपुर रोड, धर्मपुर, रेसकोर्स, गढ़ी कैंट और अन्य बाजारों में खासा भीड़ देखी गयी। जिसमें ग्राहकों द्वारा इस बार चाइनीज सामानों की खरीददारी के स्थान पर झालर का प्रयोग कर रहे है



और हाथों से बनाई गई स्वदेशी लडी अपना रहे है और इस बार बाजार में रंग बिरंगे दीए काफी संख्या में बिक रहे है। इस दौरान बाजार में लाल मिट्टी से बनने वाले दीयों के स्थान पर लोगो द्वारा डिजाईनिंग दीयों को ज्यादा पसंद किया जा रहा हैं।

दूसरी ओर गोबर के द्वारा तैयार किये गये दिए, शुभ लाभ, गोबर से बने हवन कप, दीये, शुभ लाभ, सिक्के, उपले मूर्तियां, सजावटी सामान के साथ ही साथ पहाड़ी खाद्य व्यंजन, गरम कपडे सहित अन्य उत्पादों की भी खरीददारी की जा रही है और वहीं दूसरी ओर घर की सजावटी चीजों को खरीदने में भी लोग पीछे नहीं हट रहें है।

झालर से लेकर लाईटिंग हैंगिग लैम्प और शुभ दीपावली का टैग आज भी लोगो को खूब भा रहा है। जिनके दाम भी पिछले साल के मुकाबले ज्यादा बढा हैं। इसी तरह रंगोली कलर का रेट भी बढ़ गया हैं। जो पिछले साल की अपेक्षा ज्यादा दाम में बिक रहा हैं। इस अवसर पर घर की सजावटी आईटमों से लेकर अन्य खाद्य सामग्रियों को भी पीछे नहीं छोड़ा जा रहा हैं।

## भाजयुमो में उपाध्यक्ष बनने पर खेवड़िया का अभिनंदन जारी

**संवाददाता** हरिद्वार। पूर्व पार्षद कन्हैया खेवड़िया को भाजयुमो में प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर अभिनंदन का सिलसिला जारी है। काशीपुरा, भारत माता मंदिर व्यापार मंडल, निर्मला छावनी, श्रवणनाथ नगर, मुखियागली, ललिता आश्रम, ज्वालापुर, भीमगोड़ा निज निवास आदि क्षेत्रों में समर्थकों द्वारा खेवड़िया का अभिनंदन किया गया। मुखिया गली में आयोजित सम्मान समारोह में बोलते हुए ललिता आश्रम के प्रबंधक दीपक शर्मा ने कहा कि कन्हैया खेवड़िया ने कम समय में समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। निर्मला छावनी में कन्हैया खेवड़िया का अभिनंदन करते हुए क्षेत्रवासियों विष्णु अरोरा, हेमंत चंचल ने कहा युवा नेता कन्हैया में गरीबों के प्रति सेवाभाव है, जिसने उन्हें लोकप्रिय बनाया है। काशीपुरा में स्वागत कार्यक्रम में विक्की कांडपाल, संदीप चंचल, पीयूष जाटव ने खेवड़िया का अभिनंदन करते हुए कहा कि कन्हैया खेवड़िया ऊर्जावान नेता हैं। जिनको भाजयुमो में पार्टी ने सम्मान देते हुए प्रदेश में दायित्व सौंपा है।